E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 सं0 : 03/04–भू0अ0नि0 (संविदा आरोप) बाँका–02/2024...4468.....पटना, दिनांक 13/08/2025

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, बाँका का पत्रांक 1373 दिनांक 18.11.2024 द्वारा श्री राजीव रंजन कश्यप (AEN12160), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरुद्ध दिनांक 10.07.2024 से लगातार अनाधिकृत अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए नियोजन मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा/प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 14774 दिनांक 27.12.2024 द्वारा श्री राजीव रंजन कश्यप से स्पष्टीकरण की माँग की गयी है। प्राप्त स्पटीकरण पर बन्दोबस्त पदाधिकारी का पत्रांक 820 दिनांक 10.06.2025 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया है, जिसमें अंकित किया गया है कि श्री कश्यप द्वारा दिनांक 06.06.2025 को योगदान कर लिया गया है एवं चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा तदनुसार आरोपित से प्राप्त स्पष्टीकरण के समीक्षोपरान्त पाया गया है कि श्री कश्यप दिनांक 09.07.2024 को मात्र योगदान कर उसके बाद से बिना आवेदन/सूचना के लगातार अनुपस्थित रहा है एवं स्पटीकरण के लगभग 5 माह बाद अचानक से दिनांक 06.06.2025 को बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका में योगदान समर्पित किया गया है, जो कि लगभग एक वर्ष अवधि के बाद बन्दोबस्त कार्यालय में योगदान दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 के तहत नियोजित कर्मियों के अवकाश संबंधी प्रावधानित नियम के कंडिका 07 के आलोक में इनका स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाये जाने तथा बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य से असहमत होते हुए "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत तत्काल प्रभाव से श्री राजीव रंजन कश्यप (AEN12160), विशेष सर्वेक्षण अमीन बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

12/8
(जे0 प्रियदर्शिनी)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/04–भू0अ0नि0 (संविदा आरोप) बाँका–02/2024..4468..पटना, दिनांक 13/08/2025

प्रतिलिपि : श्री राजीव रंजन कश्यप (AEN12160), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/8
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / 04–भू0अ0नि0 (संविदा आरोप) बाँका–02 / 2024...4468...**पटना, दिनांक** : 13/08/2025

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/8

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / 04–भू0अ0नि0 (संविदा आरोप) बाँका–02 / 2024...4468...**पटना, दिनांक** : 12/08/2025

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

12/8

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप